हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 21 जुलाई 2025

06 नशे से दूरी एक विकल्प नहीं, बल्कि समाज के ..


07 पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, इसकी ...




**श्रावण सोमवार पर विशेष**

## चमत्कारिक स्थल है बाबा भोगेश्वर महादेव मंदिर बड़ागांव

राजेंद्र सकलेचा ▶▶ नलखेड़ा

तहसील के बड़ागांव में बाबा भोगेश्वर महादेव मंदिर स्थित है जहां के चमत्कार के किस्से आज भी बुजुर्गों की जुबान पर है। यहाँ स्थापित शिवलिंग झाड़ियों में प्रकट हुए थे इसलिए इसका नाम झाड़ी मंदिर भी है। सावन मास में यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बड़ागांव से एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित भाटन नदी किनारे अति प्राचीन बाबा भोगेश्वर महादेव झाड़ी मंदिर है जो कि क्षेत्रवासियों के लिए आस्था का केंद्र है। यहां भोगेश्वर महादेव का शिवलिंग स्वयंभू है जो झाड़ियों में से लगभग 500 वर्ष पूर्व प्रकट हुआ था।

नगर के बुजुर्ग लोग बताते हैं कि यहां शेर-शेरनी का जोड़ा भी निवास करता था। जिन्हें कई लोगों द्वारा देखा गया था। इस मंदिर का निर्माण ग्वालियर महाराजा द्वारा करवाया गया था। यहां के कई चमत्कार सुनाई देते हैं। झाड़ी मंदिर के पूर्व दिशा में श्मशान व पश्चिम दिशा में नदी है। शिवलिंग झाड़ियों में प्रकट हुआ था जिससे मंदिर का नाम झाड़ी मंदिर पड़ गया। यहां रमणीक स्थलों के साथ वन्य प्राणियों के भी मनोहारी दृश्य देखने को मिलते रहते हैं। श्रावण मास के रात्रि में होने वाले जागरण में रहने वाले लोगों ने कई बार यहां पर हिरण,सियार और खरगोश आदि वन्यजीव देखे हैं। भगवान भोगेश्वर महादेव के मंदिर भारत में केवल दो ही है जिसमें एक ओडिशा के कटक में तथा एक बड़ागांव में झाड़ी मंदिर में स्थित है।

### रक्षाबंधन की पूर्णिमा को निकलती है शाही सवारी

प्रदेश में एकमात्र बाबा भोगेश्वर महादेव झाड़ी मंदिर बड़ागांव की ऐसी सवारी है जो श्रावण मास के अंतिम दिन श्रावण पूर्णिमा रक्षाबंधन पर निकाली जाती है। इस शाही सवारी को लेकर नगर में खासा उत्साह देखने को मिलता है। पूरे 12 महीनों में कोई ऐसा त्यौहार शाही सवारी से बढ़कर नगर वासियों के लिए नहीं है। वर्षों पूर्व श्रावणी पूर्णिमा रक्षाबंधन पर बाबा की शाही सवारी रात्रि में निकाली जाती थी लेकिन 2007 में चंद्रग्रहण होने के कारण झाड़ी मंदिर में जब बालीपुर धाम के गजानंद महाराज के शिष्य कृष्णानंद रहते थे तब उनके के आदेश अनुसार नगर वासियों तथा झाड़ी समिति के द्वारा दिन में शाही सवारी निकालने का निर्णय लिया गया था तब से शाही सवारी दिन में निकल रही है।





### संपूर्ण श्रावण मास महाकाल स्वरूप में दर्शन देते हैं भोगेश्वर महादेव

*झाड़ी मंदिर समिति तथा नगर वासियों के सहयोग से श्रावण मास उत्सव बड़े ही धूमधाम से झाड़ी मंदिर में मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा से शुरू होकर श्रावणी रक्षा बंधन की पूर्णिमा तक हर रोज बाबा का उज्जैन स्थित महाकाल बाबा के स्वरूप में आकर्षक श्रंगार किया जाता है। वहीं सुबह से नगर तथा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रातः आरती,दर्शन के लाभ लेते हैं। सावन मास में यहां पर शिव भक्तों की भीड़ लगी रहती है जिनके द्वारा भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना तथा अभिषेक किया जा रहे हैं। भक्तों द्वारा मंदिर की फूलों व अन्य सामग्री से सजावट कर विद्युत रोशनी की गई है।*

### बगलामुखी माता को प्रथम आमंत्रण देकर विधिवत शुरूआत की गई

## मां सीताजी के मंदिर निर्माण के लिए पूरे देश में आमंत्रण देगी काउंसिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

रामायण रिसर्च काउंसिल सीतामढ़ी में राघोपुर बखरी स्थित श्रीराम जानकी मठ के जीर्णोद्धार एवं शक्ति स्वरूप में मां सीताजी के मंदिर निर्माण के लिए पूरे देश में आमंत्रण देगी। काउंसिल के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र महाराज ने रविवार को नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी माता को प्रथम आमंत्रण देकर इसकी विधिवत शुरूआत की। नलखेड़ा के दर्जनों पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच मंदिर प्रांगण स्थित कालभैरव जी को और श्रीहनुमानजी को भी उन्होंने आमंत्रण-पत्र दिया।

इस अवसर पर काउंसिल के अध्यक्ष ने कहा कि हमने सीतामढ़ी में मां सीताजी को श्रीभगवती स्वरूप में स्थापित करने का संकल्प लिया था, उसके लिए रविवार से जनमानस को आमंत्रण देने की शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहाकि यह अभियान इसलिए है ताकि इस विषय से आम जनमानस जुड़ सके। जिन्हें जिस स्वरूप में सहयोग देना हो, वह उसमें अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि वह शुरू से कह रहे हैं कि उनका उद्देश्य केवल मंदिर निर्माण करना नहीं है, बल्कि मां सीताजी का जीवन-आदर्श विश्वभर में कैसे प्रसारित हो सके, इस पर काउंसिल कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वभर की मातृशक्ति एवं सनातन प्रेमियों से इस अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि आमजन की सुगमता के लिए शीघ्र ही इस अभियान को ऑनलाइन भी किया जाएगा। काउंसिल अध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही वह सीतामढ़ी में राघोपुर बखरी स्थित मां सीताजी के इस मंदिर निर्माण के लिए विभिन्न समितियों का भी गठन करेंगे। इस अवसर पर दिलीप शर्मा, देशराज शर्मा, योगेश शर्मा, लालचंद शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों पंडित उपस्थित रहे। वहीं संजीव सिंह, रोहित सकलेजा, राजेश सिंह, राजीव गुप्ता, रत्ना शुक्ला, दिलीप सकलेचा, दिनेश राठौर, पप्पु मकवाना, विजय सोनी, गोवर्धन वेदिया, दिलीप खंडेलवाल भी उपस्थित रहे।

### इस अवसर के साक्षी बने सीतामढ़ी के बब्बन सिंह

*काउंसिल के बिहार प्रभारी तथा सीतामढ़ी के रहने वाले बब्बन सिंह नलखेड़ा में इस अवसर के साक्षी बने। बब्बन सिंह ने बताया कि यह पूरी सीतामढ़ी के लिए गर्व की बात है कि सीतामढ़ी में 833 वर्ष पुराने मठ का न केवल जीर्णोद्धार किया जाएगा, बल्कि 51 शक्तिपीठों से मिट्टी एवं ज्योत लाकर मां को श्रीभगवती स्वरूप में भी स्थापित किया जाना है।*

### आमंत्रण को 'हकार' शब्द दिया गया

*पूरे आमंत्रण को 'हकार' शब्द दिया गया है। इस अवसर पर नलखेड़ा में मौजूद काउंसिल के महासचिव कुमार सुशांत ने बताया कि माता सीताजी मिथिलापुत्री हैं, इसलिए इस आमंत्रण को मिथिला शब्द से जोड़ते हुए 'हकार'शब्द दिया गया है।*

### काउंसिल को बिहार धार्मिक न्यास ने दी है 12 एकड़ ज़मीन

*बता दें कि हाल में बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद ने काउंसिल को राघोपुर बखरी स्थित श्रीरामजानकी स्थान में लगभग 12 एकड़ जमीन आवंटित की है। काउंसिल ने मंदिर जीर्णोद्धार के साथ शक्ति-स्थल के रूप में स्थापना एवं श्रीहनुमानजी की 108 फीट ऊंची प्रतिमा तथा जटायुजी की 21 फीट ऊंची प्रतिमा-निर्माण का संकल्प लिया है।*

### काउंसिल ने सदस्यता शुल्क के बदले अनोखा अभियान प्रारंभ किया

*आमंत्रण में इस विषय की चर्चा है कि अगर कोई काउंसिल की सदस्यता लेना चाहे तो वह काउंसिल का बैनर लगाकर एक हनुमंत कथा या श्रीराम कथा का आयोजन कर उसका वीडियो काउंसिल को साझा कर सकता है, जिससे वह काउंसिल का प्राथमिक सदस्य बन सकता है। काउंसिल ने इसके लिए एक ईमेल भी जारी किया है, जहां कोई अपनी कथा के वीडियो को रिकॉर्ड कर भेज सकता है। काउंसिल के अध्यक्ष ने कहा कि यह उनके संज्ञान में एक ऐसी पहली संस्था होगी जो हर एक सनातनी को इससे जुड़ने के लिए कोई सदस्यता-शुल्क नहीं, बल्कि भगवतनाम लेकर इसका सदस्य बनाने का अनोखा अभियान प्रारंभ करने जा रही है।*

## बगलामुखी मंदिर रविवार को बड़ी संख्या में माता के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु

### माता रानी से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शनार्थ के लिए माता मंदिर पहुंचे, जिनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना माता रानी से की गई। इस दौरान मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। रविवार अवकाश का दिन होने से सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता मंदिर पर लगी रही जो देर रात तक जारी थी। यहां पहुंचे भक्तों ने मां के दर्शन किए तो कई भक्तों ने मां के आंगन में परिवार की सुख शांति समृद्धि तथा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु हवन- अनुष्ठान भी किए।

मां के दर्शनों का दौर देर रात तक चलता रहा। मंदिर के बाहर लगा डोम दर्शनार्थियों से खचाखच भरा हुआ था यही सूर्यमुखी हनुमान मंदिर से लेकर सिंहद्वार तक भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी। हर कोई भक्त माता की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दे रहा था। बढ़ती भीड़ के चलते गर्भगृह के बाहर से माता के दर्शनार्थ की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई थी।

### मनोकामना पूर्ति के लिए किए हवन अनुष्ठान कार्य

मां बगलामुखी मंदिर के संबंध में मान्यता है कि किसी भी भक्त द्वारा अपनी मनोकामना के लिए मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान करवाया जाता है तो उस भक्त की मनोकामना शीघ्र पूर्ण होती है। इसी को लेकर भक्त अपनी मनोकामना लेकर मां के दर पर विशेष हवन- अनुष्ठान करवा रहे हैं। रविवार को माता के दर्शनार्थ के लिए पहुंचे कई भक्तो द्वारा माता के दर्शनार्थ उपरांत मां के दरबार में हवन-अनुष्ठान कार्य भी किया जिसके चलते पुरा मंदिर परिसर मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो रहा था।

### मां का हुआ आकर्षक श्रृंगार

मां बगलामुखी मंदिर पर माता रानी का प्रतिदिन आकर्षक श्रृंगार कर माता को भिन्न-भिन्न रंगों की चूनर ओढाई जाती है। रविवार को भी पुजारी परिवार द्वारा माता रानी का स्वर्ण श्रृंगार कर पीले रंग की चूनर ओढाई गई थी जोकि भक्तों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

## मनकामनेश्वर मंदिर : गाय बांबी पर आंचल से करती थी दुग्धाभिषेक, खुदाई की तो निकला शिवलिंग



**नलखेड़ा।** नगर से 40 किलोमीटर दूर बडोदिया के समीप ग्राम कुम्हारिया में स्थित प्राचीन श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर है। जहां पर स्थित शिवलिंग स्वयंभू हो कर भू गर्भ में से निकाला है। सावन मास में इस मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त बाबा भोलेनाथ के दर्शन व अभिषेक पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं प्रतिवर्ष शिवरात्रि के दौरान यहां पर मेले का आयोजन भी होता है। जिले सहित कईं स्थानों से भक्त कांवड़ लेकर इस स्थान पर पैदल पहुंचते हैं। जहां उनके द्वारा बाबा का अभिषेक किया जाता है। इस मंदिर को लेकर कई लोकमान्यताएं प्रचलित है। मंदिर के पुजारी ने इस मंदिर से जुड़ी कहानी बताते हुए कहा कि इस स्थान पर 13 वीं शताब्दी में गांव के जागीरदार की कपिला नामक गाय झाड़ियों में छुपी बांबी पर अपने आंचल से हर दिन अभिषेक करती थी। ग्वालों ने जब इस स्थान की खुदाई की तो यहां महादेव के रूप में स्वयंभू शिवलिंग उभर के सामने आया। इसके बाद 45 वर्ष पहले जब मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया तो इस दौरान भी एक शिलालेख यहां पर मिला, जो आज भी मंदिर के पास स्थापित है। वहीं मनकामनेश्वर महादेव मंदिर को लेकर एक मान्यता यह भी है कि यह स्थान माता सती की तपस्थली भी रही है। सावन मास में यहां पर अखण्ड रामायण पाठ के साथ प्रतिदिन भक्तों द्वारा भोलेनाथ का रूद्राभिषेक के साथ अन्य धार्मिक आयोजन किये जा रहे है।

## परमात्मा की भक्ति के बिना मानव देह किसी काम की नहीं : पं. आशीष शर्मा

### ग्राम गुदरावन में चल रही शिव महापुराण कथा





**नलखेड़ा।** भक्ति के बिना मानव देह बेकार है, भगवान से भौतिक सुख सुविधा नहीं भगवान को स्वयं को मांगना चाहिए। भगवान नाम का स्मरण हमें इस भवसागर से पार लगा देगा। तहसील के ग्राम गुदरावन मे चल रही शिव महापुराण की कथा के तृतीय दिवस पर पंडित आशीष शर्मा बांसखेड़ी वालों ने उपस्थित भक्तों के समक्ष यह बात कही गई।

पंडित शर्मा ने कहा कि जैसे आम पर फल न लगे तो आम का पेड़ बेकार है। इस तरह इस जीवन में भक्ति के बिना मानव देह बेकार है। भगवान से संसार की भौतिक सुख सुविधा की कामना ना करते हुए भगवान को स्वयं को मांगना चाहिए। जिससे जो नहीं मांगोगे वहां भी मिलेगा। जैसे सुदामा ने कुछ नहीं मांगा पर भगवान ने इतना दे दिया जिसकी सुदामा ने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि जीवन में अंह का भाव आने पर नारद जैसी स्थिति हो जाती है। अतः अभिमान त्याग करके कथा सुनते जाओ। कथा निषेध कार्यों का भाव जागती है। भगवान का नाम जानबूझकर कर या अनजाने में लेने पर भी वह अपना काम करते हैं।

पं शर्मा ने कहाकि भगवान राम ने जो कष्ट सहे, कृष्ण ने जितना कष्ट सहे ऐसा हमारे जीवन में कष्ट आता ही नहीं फिर भी लोग आत्महत्या जैसा गलत कार्य कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि भक्ति के बिना व्यक्ति अच्छा नहीं लगता जैसे भोजन में नमक न हो तो भोजन बेकार है। मानव देह भक्ति में मन न लगे तो जीना बेकार है। जैसे आम पर फल न लगे तो आम का पेड़ बेकार है इस प्रकार बिना भक्ति के मनुष्य जीवन बेकार है। हमें हमेशा भक्ति भाव के साथ भगवान को हमेशा याद करना चाहिए। दुखी होने पर सभी याद करते हैं पर जो सुखी होने पर याद करें वही सही भक्ति है। शिव महापुराण कथा में आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### मंगल रजत कलश की विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ की गई पूजा

## नवकार महामंत्र की 68 दिवसीय कलश यात्रा कार्यक्रम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी मंडल की प्रेरणा से विश्व शांति, जनकल्याण, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम सोमवार से प्रारंभ होगा। इसके पूर्व रविवार को जैन आराधना भवन में मंगल रजत कलश की विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ पूजन लाभार्थी ठाकुरिया परिवार द्वारा की गई।

जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि म.सा. व पुण्य निधि म.सा.आदि ठाणा-5 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में विभिन्न तप आराधना के साथ धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं। रविवार को साध्वीजी के सानिध्य में प्रातः 9:15 पर 68 दिन के मंगल रजत कलश की विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ मुख्य लाभार्थी देवचंद विपिनकुमार, मनोजकुमार ठाकुरिया परिवार द्वारा अपने परिवारजनों ओर श्री संघ के साथ हर्षोउल्लास के साथ रजत मंगल कलश की पूजा आरती की गई। लाभार्थी परिवार द्वारा आराधना भवन पर परमात्मा पारस प्रभु की प्रतिमा के समक्ष बनाए गए सुंदर मांडले पर फल, फूल, नैवेघ, अक्षत आदि विभिन्न पूजन सामग्री चढ़ा कर पूजन भी की गई। लाभार्थी परिवार के साथ उपस्थित समाजजनों द्वारा साध्वीजी द्वारा बोले जा रहे मंत्रोच्चार के साथ नवकार मंगल कलश में अक्षत के साथ चांदी सिक्के व अन्य चांदी की सामग्री समर्पित की गई। इसके पूर्व जैन आराधना भवन पर लाभार्थी ठाकुरिया परिवार को चंद्रप्रभु बहू मंडल की सदस्या ड्रेस कोड में घोष बैड के साथ लेकर आई।



नवकार कलश को तीन दिवसीय अखंड नवकार महामंत्र जाप के लिए सजाऐ गए परमात्मा के सुंदर दरबार में स्थापना की गई है। सोमवार से नवकार मंगल कलश प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ ले जाया जाएगा जहां पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप होगा। यहां क्रम लगातार 68 दिवस तक चलेगा। प्रथम दिवस सोमवार को यहां कलश लाभार्थी दिनेशकुमार प्रेमचंद धूपिया परिवार के यहां ले प्रातः प्रवचन उपरांत ले जाया जाएगा। जहां रात्रि 8 से 9 बजे तक सामूहिक नवकार जाप होंगे।

### नमस्कार महामंत्र आराधना के साथ अठ्म तप का समापन आज

शुक्रवार से जैन आराधना भवन में स-स्वर नमस्कार महामंत्र की तीन दिवसीय अखंड आराधना स्तंभन पार्श्वनाथ के अठ्म तप की आराधना के साथ प्रारंभ हुई थी। जिसका समापन सोमवार को होगा। वहीं साध्वी मंडल की प्रेरणा से नलखेड़ा की पावन धरा पर प्रति शुक्रवार कलियुग की जाग्रत ज्योत संकल्प सिद्धि दायिका मां भगवती पद्मावती देवी की भव्य सामूहिक आराधना भी शुक्रवार से प्रारंभ हुई। आराधना प्रति शुक्रवार को जैन उपाश्रय में प्रातः 10: 30 बजे से प्रारंभ होगी। जो लगातार नौ शुक्रवार तक चलेगी। इसी के साथ प्रति शुक्रवार को आराधकों के सामूहिक एकासना लाभार्थी परिवारों की ओर से जैन धर्मशाला में आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने किया पौधरोपण

**बागली।** इनर व्हील क्लब बागली एक्टिव द्वारा हरियाली महोत्सव मनाया गया। इसके अंतर्गत क्लब अध्यक्ष श्वेता नाहर द्वारा सभी सदस्यों को तुलसी,गुलाब अपराजिता आदि पौधों का वितरण किया गया। साथ ही सावन के पवित्र मास में क्लब सदस्यों द्वारा बेलपत्र पौधरोपण स्थानीय देवयानी कॉलोनी में किया गया। सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि एक पेड़ मां के नाम जरुर लगाएंगे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर श्यामा तोमर, अनीता नाहर , सरोज जौहरी, गीता चौधरी, दाखा कारपेंटर, संध्या शिवहरे, मनीषा शिवहरे, बरखा रातडिया, सीमा गुप्ता, माया चौधरी, शीला राठौर,नीतू कारपेंटर, खुशबू गुप्ता,शिल्पा नाहर, अमिता बम,सोनू शर्मा आदि क्लब सदस्य उपस्थित थे।

### आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

**देवास।** आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग के दल ने आबकारी वृत्त सोनकच्छ में मुखबिर सूचना के आधार पर एक वेगनार कार को ग्राम पान्दा के पास पॉवर ग्रिड के सामने रोककर विधिवत तलाशी ली। जिसमे गाड़ी की डिक्की से 09 पेटी देशी मदिरा कुल 81 बल्क लीटर बरामद हुई । चालक लाखन निवासी ग्राम महुड़ी को गिरफ्तार किया।

### डीजीपी के निर्देश पर जिले में चल रहा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

# नशे से दूरी एक विकल्प नहीं, बल्कि समाज के भविष्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी है: एसपी

अभियान अंतर्गत जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैलियाँ निकाली जा रही है

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के मार्गदर्शन में दिनांक 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक प्रदेशभर में नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में एसपी पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में यह अभियान प्रभावशाली रूप में आरंभ किया गया है, जो नशे के विरुद्ध एक सशक्त सामाजिक चेतना बनकर उभरा है।अभियान का संचालन शहर एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, के निर्देशन में किया जा रहा है। देवास, सोनकच्छ, बागली, कन्नौद एवं डीएसपी (एल-आर) सहित सभी अनुभागों में एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना एवं चौकी प्रभारियों द्वारा यह अभियान सुनियोजित ढंग से संचालित किया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैलियाँ निकाली गईं, जिनमें "से नो टू ड्रग्स" एवं "नशा छोड़ो – जीवन अपनाओ" जैसे नारे लगाए गए।

रैलियों के पश्चात पुलिस अधिकारियों और शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। व्यापक स्तर पर पंपलेट, पोस्टर एवं सूचना पत्रों का वितरण कर जनमानस तक संदेश पहुँचाया गया।इस अभियान की विशेष उपलब्धियों में सार्वजनिक स्थानों पर मानव श्रृंखला का निर्माण और सामूहिक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन प्रमुख रहा, जिससे समाज में नशे के खिलाफ एकजुटता और जागरूकता का संदेश सशक्त रूप से प्रसारित हुआ।नगर सुरक्षा समिति, स्काउट-गाइड, एनसीसी, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के सक्रिय सहयोग से समस्त जिले में जनरैलियाँ आयोजित की गईं, जिनसे यह अभियान जनआंदोलन का स्वरूप ले सका। विशेष रूप से युवाओं को जोड़ने हेतु आयोजित "ड्रग अवेयरनेस रन" ने पूरे जिले में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया, जिसमें छात्र-छात्राएँ, खेल संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए।एसपी गेहलोद ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि "नशे से दूरी केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि समाज के भविष्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। यदि आपके आसपास कोई नशे की चपेट में है अथवा किसी अवैध गतिविधि में संलिप्त है, तो निडर होकर पुलिस को सूचित करें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी एवं त्वरित कार्यवाही की जाएगी। देवास पुलिस समाज को सुरक्षित, स्वस्थ और प्रगतिशील



बनाने हेतु कटिबद्ध है।"यह अभियान केवल पुलिस की गतिविधि नहीं, बल्कि एक सामाजिक संकल्प है — जिसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। देवास पुलिस समस्त नागरिकों से आग्रह करती है कि इस मुहिम का हिस्सा बनें और "नशे के विरुद्ध एकजुट समाज" की परिकल्पना को साकार करें।

# मोबाइल की दुकान में हुई लाखों रुपए की चोरी

### 75 मोबाइल ले उड़े बदमाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भगत सिंह मार्ग स्थित न्यू दीपक टेलिकॉम की दुकान में शनिवार रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान के पीछे से चद्दर खोलकर प्रवेश किया और करीब 12 से 15 लाख रुपए की कीमत के 75 नए मोबाइल फोन चुरा लिए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

दुकान संचालक दीपक राठौर ने बताया कि वह शनिवार रात में दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह जब दुकान खोली तो चोरी का पता चला, जिसके बाद तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचित किया गया। दुकान में विभिन्न कंपनियों के 70-75 नए मोबाइल फोन रखे थे, जिन्हें चोर ले गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम ने जांच की। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे तकनीकी कारणों से बंद थे, जिसके चलते पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है। दुकान के पास रहने वाले दिनेश वर्मा ने बताया कि रात करीब 12 बजे नीचे से आवाज सुनाई दी थी। वह बाहर निकले और गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों की मदद से आसपास देखा, लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं दिखा। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली टीआई श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि अनुसार चोरों को पकड़ने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

### संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



**भौरासा।** नगर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन औदुंबर धर्मशाला में आयोजित किया गया। जहां औदुंबर महासभा भौरासा के द्वारा आयोजित श्री औदुंबर रामायण मंडल देवास ने संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। औदुम्बर महासभा भौंरासा के अध्यक्ष राजेश जोशी एवं समस्त कार्यकारीणी सदस्य द्वारा श्री औदुंबर रामायण मंडल के अध्यक्ष डी के जोशी एवं किरण जोशी, ठाकुर, जयंत शर्मा, स्वप्निल चौधरी, रमेश मिश्रा, अभिषेक डीके जोशी, ,जगदीश श्रीवास,मोनू दरबार, गोपाल सिंह ठाकुर,सुशील जोशी एवं समस्त रामायण मंडल के सदस्यों का स्वागत पुष्प माला पहना कर किया गया। इस अवसर पर भौरासा औदुम्बर महासभा के अध्यक्ष राजेश जोशी, सचिव अमित चौधरी, कोषाध्यक्ष सुशील चौधरी, संरक्षक ओमप्रकाश चौधरी, कृष्णा चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य समीर चौधरी, नूतन चौधरी, अरविंद चौधरी, गणेश चौधरी, जयप्रकाश चौधरी, घनश्याम बंटी चौधरी, संजय चौधरी, नरेश दुबे, नीतीश चौधरी, सपन चौधरी, रामकृष्ण चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, राजेंद्र चौधरी, मनीष चौधरी, सुंदर चौधरी, रघुनंदन चौधरी, मनोज जोशी, प्रकाश नारायण चौधरी, पंकज चौधरी, कज्जू चौधरी, औदुम्बर समाज की मातृशक्ति एवं भौरासा की धर्म प्रेमी जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष राजेश चौधरी ने बाहर से पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### गंधर्वपुरी में स्थित भोलेनाथ का हैं प्राचीन महत्व



**भौरासा।** सोनकच्छ तहसील से लगभग 15 किलोमीटर दूरी पर बसा ग्राम गंधर्वपुरी अपनी पुरानी मान्यताओं व पुरातत्व विभाग की एक अलग ही पहचान बनाए हुए हैं जहा ग्राम पंचायत गंधर्वपुरी में स्थित भोलेनाथ का यह मंदिर राजा गंधर्व सेन के समय का बताया जाता है। मंदिर पूरी तरह पत्थरो से बना हुआ है इसकी दीवारो और खंभों पर भगवान की प्राचीन कलाकृतियां पत्थरों पर उकेरी गई है। शिवलिंग के पीछे राजा गंधर्व सेन की मूर्ति विराजमान है। नगर और आसपास के गांव से बड़ी संख्या में लोग यहा दर्शन के लिए आते हैं। ऐसी मान्यता है कि जब गांव में सूखा पड़ता है तब यहां विशेष पूजन और अभिषेक होता है। इसमें पूरा गांव शामिल होता है यह परंपरा आखिरी बार साल 2000 में निभाई गई थी। सावन मास में आसपास के गांव से कावड़ यात्रा निकलती हैं श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। भादो महीने में उज्जैन में निकलने वाली महाकाल की अंतिम सवारी में यहां के भोलेनाथ का मुखौटा भी शामिल होता है। यह मंदिर नगर और ग्रामीणों की आस्था का केंद्र है। उक्त जानकारी गांव के शेर सिंह कुशवाह, देवी कुशवाह, राकेश चौधरी ने दी।

# कॉलोनियों में सीवरेज लाइन हो रही क्षतिग्रस्त दो वर्षों से बह रहा गंदा पानी, रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वार्ड क्रमांक 22 के अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर के पास वैशाली एवेन्यू कॉलोनी में सीवरेज की गंभीर समस्या ने रहवासियों का जनजीवन दूभर कर दिया है। कॉलोनी में पुरानी चैंबर लाइन पूरी तरह से टूट चुकी है और पिछले करीब डेढ़ से दो वर्षों से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी हुई है, जिससे नाले का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। स्थानीय निवासी नवीन खाटवा एवं अन्य रहवासियों ने बताया कि इस समस्या से कॉलोनी के लगभग 80 परिवार बुरी तरह प्रभावित हैं। कई बार पार्षद दरोगा के साथ नगर निगम में शिकायत दर्ज कराई गई है। इसके अलावा कंट्रोल रूम 181 पर भी कॉल की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस



कार्रवाई नहीं हुई है। गंदगी के कारण कॉलोनी में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। गंदा पानी सड़कों से होते हुए खुले प्लॉटों और घरों तक पहुंच रहा है, जिससे पीने का पानी भी दूषित हो रहा है। कॉलोनी में स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर और खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं को भी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे उनकी धार्मिक आस्था को ठेस पहुंच रही है। रहवासियों ने नगर निगम से तत्काल समस्या के निराकरण की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो वे नगर निगम का घेराव करने को मजबूर होंगे। स्थानीय प्रशासन से अपील है कि वार्ड 22 की वैशाली एवेन्यू कॉलोनी की सीवरेज समस्या का प्राथमिकता से निराकरण कर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान की जाए।।

# शिव महापुराण कथा में कश्यप ने सुनाया गणेश रिध्दि सिध्दि विवाह वृतांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



नगर के बागली रोड पर स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव पर महिला मंडल व्दारा श्री गौरी शिव महापुराण कथा आयोजित की जा रही हैं। कथा के पांचवें दिन पं मनमोहन कश्यप ने बताया कि गणेश जी का विवाह रिद्धि और सिद्धि से हुआ था। यह विवाह भगवान ब्रह्मा द्वारा कराया गया था, जब गणेश जी ने क्रोधित होकर देवताओं के विवाह में विघ्न डालना शुरू कर दिया था, क्योंकि उनका विवाह नहीं हो रहा था। ब्रह्मा जी ने अपनी दोनों पुत्रियों, रिद्धि और सिद्धि का विवाह गणेश जी से करा दिया, जिससे उनका क्रोध शांत हुआ और विवाहों में विघ्न भी बंद हो गया।पं कश्यप ने आगे बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार, गणेश का विवाह रिद्धि- सिद्धि से हुआ था। गणेश जी को उनके हाथी के सिर के कारण विवाह योग्य कन्या नहीं मिल रही थी, जिससे वे दुखी थे और उन्होंने देवताओं के विवाहों में बाधा डालनी शुरू कर दी थी। इससे परेशान होकर देवताओं ने ब्रह्मा जी से मदद मांगी। ब्रह्मा जी ने अपनी दो पुत्रियों, रिद्धि और सिद्धि को गणेश जी के पास भेजा, ताकि वे गणेश जी को शिक्षा दे सकें और उनका क्रोध शांत कर सकें।जब गणेश जी को ब्रह्मा जी की चाल का पता चला, तो उन्होंने रिद्धि और सिद्धि को श्राप दे दिया। तब ब्रह्मा जी ने अपनी पुत्रियों का विवाह गणेश जी से करने का प्रस्ताव रखा, जिसे गणेश जी ने स्वीकार कर लिया. इस प्रकार, गणेश जी का विवाह रिद्धि और सिद्धि से हुआ, और उनके दो पुत्र शुभ और लाभ हुए। कथा के पांचवें दिन गणेश रिध्दि सिध्दि विवाह की झांकी प्रस्तुत की गई। इस दौरान गणेशजी की बारात कथा स्थल पर पहुंची, विवाह के दौरान पुरा पांडाल भजनों पर झुम उठा, आरती कर कथा को विराम देते हुए प्रसादी का वितरण किया गया।

# सेंट जॉन स्कूल चापड़ा में अलंकरण समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल चापड़ा में शुक्रवार को अलंकरण समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कमलापुर थाना प्रभारी उपेन्द्र नाहर रहे, जबकि विशेष अतिथि चापड़ा चौकी प्रभारी राकेश नरवरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ईश्वर प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12वीं व 11वीं के छात्रों हर्ष डावर, कृतिका मंडला और इशिका गुप्ता ने प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्र राजवीर मावने को हेड बॉय तथा छात्रा वैष्णवी पाटीदार को हेड गर्ल घोषित किया गया। इसी के साथ विद्यालय की छात्र संसद का गठन किया गया, जिसमें ब्लू, रेड, यलो एवं ग्रीन हाउस के कप्तान व उपकप्तान तथा साइंस क्लब, टेक क्लब, लिटरेरी क्लब, आर्ट एंड क्राफ्ट क्लब, कल्चरल क्लब, स्पोर्ट्स क्लब एवं देवी अहिल्या किड्स क्लब सहित कुल 17 सदस्यों की नई केबिनेट गठित की गई। सभी को विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर अर्पिता द्वारा शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने एक नाटक प्रस्तुत किया तथा कक्षा 8वीं के छात्रों ने सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने सराहा। मुख्य अतिथि उपेन्द्र नाहर ने अपने उद्बोधन में छात्रों को अनुशासन में रहने, कम उम्र में वाहन न चलाने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने, नशा न करने एवं दूसरों को भी इससे दूर रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। विद्यालय प्रबंधक फादर सोनी एंथनी, प्राचार्य सिस्टर अर्पिता एवं समस्त शिक्षकगणों ने नवगठित केबिनेट को शुभकामनाएँ दीं।

### शिव के कल्याणकारी महामंत्रों से सुसज्जित पत्रकों का वितरण आज

# क्षिप्रा जल से किया गया भगवान नीलकंठेश्वर महादेव का जलाभिषेक





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आशुतोष सेवा समिति नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर अनिल नगर एवं बजरंग नगर के सैकड़ों धर्म प्रेमी भक्तों एवं मातृशक्ति ने आर ए मिश्रा एवं आशुतोष चतुर्वेदी के नेतृत्व में पैदल कांवड़ यात्रा क्षिप्रा से कालोनी स्थित मंदिर में भूत-भावन भगवान नीलकंठेश्वर महादेव का पवित्र पावन सलिला क्षिप्रा के पवित्र जल से पंडित कमलेश चतुर्वेदी ने जलाभिषेक कराया।

67 वर्षीय कावड यात्री सेवा निवृत्त शिक्षक अरविन्द शर्मा ने बताया भगवान महादेव सभी का कल्याण करें इसी मंगल भावना से कांवड़ यात्रा में सम्मिलित हुआ सुखद अनुभूति के साथ आत्मीय आनंद प्राप्त हुआ। कांवड़ यात्रा का यह छटा वर्ष है भगवा वस्त्र पहने भक्त भजन करते हुए शालीनता से नृत्य करते हुए कांवड़ यात्रा निकाली, यात्रा का प्रमुख स्थानों पर हार फुल जल फल छांछ मिठाई आदि से विभिन्न संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य नारायण पाटिल, प्रमोद शर्मा,शरद व्यास, अवधेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह पटेल, राहुल द्विवेदी धनश्याम भगत, केस्टवाल, अम्बा राम जायसवाल, सुभाष पटेल सुमित यादव, जितेन्द्र महाजन, नरेंद्र यादव, सुनील पालकर , गणेश दुबे,रतन कुंवर, मधु चतुर्वेदी, वीणा मिश्रा, गायत्री शर्मा, सरोज शर्मा आदि महिला एवं पुरुष सदस्य सम्मिलित हुए।अंत में भगवान का अभिषेक पुजन आरती की गई प्रसाद वितरण के पश्चात सभी का आभार अरविन्द शर्मा ने व्यक्त किया गया।

### पत्रकों का वितरण आज

देवास। श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ की आराधना पूरे भक्ति भाव के साथ की जाती है। यह पवित्र माह स्वयं भगवान शिव को समर्पित होता है। कहा जाता है कि इस अवधि में की गई उपासना, जप, तप और ध्यान अत्यंत फलदायी होती है। इसी भाव के साथ सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय कुमार जैन 'लख्खाजी' पवित्र श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को भगवान शिव के कल्याणकारी महामंत्रों से युक्त पत्रकों का वितरण करेंगे। संस्था जय गणेश नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर समिति के संयोजक अशोक पोरवाल ने बताया कि 21 जुलाई, सोमवार को राजाराम नगर निकुंज गार्डन के पास स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर पर रात्रि 8.20 पर 108 दीपकों से महादेव की महाआरती के साथ छप्पन भोग लगाया जाकर प्रसादी का वितरण होगा। तत्पश्चात भजन गायक लख्खा द्वारा भगवान शिव के कल्याणकारी महामंत्रों से युक्त पत्रकों का वितरण भी किया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त शिवभक्तों से आग्रह किया है कि नगर के समस्त श्रद्धालुजन भूतभावन भगवान भोलेनाथ के दर्शनकर महाआरती व छप्पन भोग प्रसादी का लाभ लेवे। लख्खा ने बताया कि शिव पुराण में स्पष्ट उल्लेख है कि भगवान शिव के मंत्रों का उच्चारण करने से जीवन में शुभता का संचार होता है और समस्त विघ्न-बाधाएं स्वतः दूर हो जाती हैं। देवाधिदेव महादेव अत्यंत सहज और शीघ्र प्रसन्न होने वाले देव हैं। सावन में उनके नाम का जप साधकों के लिए विशेष रूप से कल्याणकारी माना जाता है। इसी कड़ी में प्रतिवर्ष श्रावण मास में लख्खा ने श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर एवं पीपली बाजार चौराहा स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर, बजरंगपुरा में श्रद्धालुओं को महामंत्र के पत्रक वितरित कर चुके है।

### दुष्कर्म के मामले में दो पर एफआईआर

**बागली।** पुलिस थाना बागली में दो युवकों पर दुष्कर्म में मामले में एफआईआर दर्ज हुई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो युवती के साथ नगर बागली के दो युवकों ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने दुष्कर्म करने वालों का सहयोग करने वाले युवक को भी आरोपी बनाया है।जानकारी के अनुसार आरोपियों की अलग-अलग युवतियों से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। जिसके बाद वह कई बार उनका मुलाकात हुई। इस दौरान युवकों द्वारा युवतियों की बिना सहमति से उनसे शारीरिक संबंध बनाए गए। आरोपी युवकों द्वारा युवतियों को घर पर किसी को भी ना बताने की बात कही गई थी और धमकियां दी गई थी। जिसके बाद शनिवार के दिन आरोपी युवकों द्वारा युवतियों को मिलने के लिए बुलाया। आरोपी युवतियों को कहीं ले जा रहा थे, तभी मौका देखकर युवतियां गाड़ी से उतर कर बाहर आ गई, और अपने परिचित को फोन किया। इसके बाद वह परिजनों के साथ थाने पहुंची जहां पर एसडीपीओ सृष्टि भार्गव की उपस्थिति में पीड़िताओं द्वारा अपने बयान दर्ज कराएं। उपनिरीक्षक लोकेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि दो युवकों के खिलाफ अलग-अलग दुष्कर्म व अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी सहित अन्य एक सहयोगी को भी आरोपी बनाया है। पुलिस ने एक कार भी जप्त की है।

### वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पत्रकारिता और सोशल मीडिया की भूमिका विषय पर गोष्ठी

# पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, इसकी जिम्मेदारी समाज को दिशा देने की भी

## अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रविवार को सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब (रजि.) अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता व संरक्षक सदस्यों की मौजूदगी में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पत्रकारिता और सोशल मीडिया की भूमिका विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में दर्जनों की संख्या में पत्रकारों ने प्रतिभाग कर अपने-अपने विचारों को रखा। सर्वप्रथम अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा सम्मुख माल्यार्पण कर गोष्ठी की शुरूआत की गयी। मौके पर मौजूद वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। इसकी जिम्मेदारी केवल खबरें पहुंचाने की नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने की भी है। वर्तमान समय में जब सूचनाओं की बाढ़ है, तब सच और झूठ के बीच की पतली रेखा को पहचानना पत्रकार की सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है। आज सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को सूत्रधार बना दिया है। जहां एक ओर यह माध्यम तेजी से सूचनाएं पहुंचाने का सशक्त साधन बना है, वहीं दूसरी ओर अफवाहों, आधे-अधूरे तथ्यों और ट्रोल संस्कृति ने इसकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह भी खड़े किए हैं। पत्रकारिता की भूमिका अब केवल समाचार देने तक सीमित नहीं है। अब पत्रकार को फील्ड रिपोर्टिंग, तथ्य-जांच (फैक्ट चैक) और डिजिटल माध्यमों पर सक्रियता इन सबमें संतुलन बनाना होता है। सोशल मीडिया ने पत्रकारिता को जनोन्मुख जरूर बनाया है, लेकिन साथ ही इससे कुछ खतरे भी उत्पन्न हुए हैं, जिसमें जैसे बटन दबाते ही सूचना प्रसारण संस्कृति, टीआरपी की होड़ और कभी-कभी वैचारिक ध्रुवीकरण को भी शामिल किया जा सकता है। इस संदर्भ में वरिष्ठ पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ अनुभवी पत्रकारों से युवा पीढ़ी को यह सीखना चाहिए कि खबर में संवेदना कैसे जोड़ी जाए, कैसे बिना किसी दबाव के निष्पक्ष रिपोर्टिंग की जाए और कैसे मीडिया की गरिमा को बनाए रखा जाए। वक्ताओं ने अंत में कहा कि पत्रकारिता एक मिशन है, केवल पेशा नहीं और सोशल मीडिया एक औजार है, उद्देश्य नहीं। इन दोनों के संतुलित प्रयोग से ही हम एक जागरूक, सशक्त और स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण कर सकते हैं। इस दौरान डा.स्वतंत्र रिछारिया, अनूप ताम्रकार, अजय बरया, अविनाश त्रिपाठी, सौरभ गोस्वामी, संजय ताम्रकार, हरिशंकर अहिरवार, प्रदीप रिछारिया, कृष्णकांत सोनी ने भी अपने-अपने विचारों को रखा। संगोष्ठी का कुशल संचालन प्रेस क्लब (रजि.) महामंत्री अमित सोनी ने किया। इस अवसर पर मंजीत सिंह सलूजा, पवन संज्ञा, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली, सुनील शर्मा, अबरार अली, संजय नायक, पूर्व कोषाध्यक्ष रमेश रायकवार, पुष्पा झां, राजेश राठौर, आलोक खरे, कमलेश साहू, आकाश ताम्रकार, विनोद कुमार सेन, जयेश बादल, अशफाक खान, अमित लखेरा, विनोद मिश्रा, सूरज राजपूत, सोनम यादव, इमरान खान, अमित राठौर, सुरेन्द्र सपेरा, हितेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे।



### सासंद से लोगों ने की मांग

## झांसी-इटावा इंटरसिटी ट्रेन को ललितपुर से संचालित की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




ट्रेन नंबर 11903 वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी रेलवे स्टेशन से इटावा की ओर जाने वाली तथा ट्रेन नंबर 11904 इटावा से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन को आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को ललितपुर से चलाई जाने की मांग की उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश का केंद्र बिंदु होने के करण ललितपुर और अशोकनगर जिले वासियों द्वारा उठाई गई है। इसके लिए झांसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा से इस ट्रेन का विस्तार ललितपुर तक कराए जाने का आह्वान किया गया है। ट्रेन नंबर 11903 शाम 5.15 बजे झांसी से चलकर रात 10.00 बजे इटावा पहुंचती है। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 11904 सुबह 5.00 बजे इटावा से चलकर झांसी आती है, यह ट्रेन सुबह 10.15 बजे झांसी आ जाने के पश्चात दिनभर झांसी खड़ी रहती है। यदि इस ट्रेन का विस्तार ललितपुर स्टेशन तक कर दिया जाता है तो इससे ललितपुर जिले वासियों को तथा निकटवर्ती अशोकनगर जिले वासियों को ग्वालियर इटावा जाने के लिए नई ट्रेन की सौगात मिल जाएगी और कई लोग इससे लाभान्वित होंगे। इसी प्रकार ललितपुर रेलवे स्टेशन जो अब जंक्शन हो गया है। इस पर टीकमगढ़ छतरपुर जिले से आने वाले लोगों को भी ग्वालियर इटावा जाने के लिए नई ट्रेन मिल सकेगी और एक बड़े भूभाग के लिए इस ट्रेन से लाभ मिल सकेगा, जिससे व्यापार, वाणिज्य पर्यटन एवं सामाजिक विकास में काफी योगदान मिलेगा। यह ट्रेन जो सुबह 5.00 बजे इटावा से चलती है और 10.15 बजे झांसी पहुंचती है, 12.00 तक ललितपुर स्टेशन पर आ सकती है, इस ट्रेन को दोपहर 3.00 बजे ललितपुर से रवाना किया जावे जो झांसी अपने निर्धारित समय 5.15 पर आसानी से पहुंच जाएगी और इटावा को रवाना हो सकेगी। अब यह देखना होगा कि झांसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा इस झांसी इटावा इंटरसिटी ट्रेन को ललितपुर तक बढ़ाई जाने के लिए रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव जी से कितनी कारगर पहल करते हैं। अभी कुछ दिनों बाद जुलाई माह के अंत में संसद का मानसून सत्र प्रारंभ होने वाला है, इसलिए और झांसी ललितपुर सांसद से यह आम लोगों ने विशेष आह्वान किया है कि इस ट्रेन का विस्तार ललितपुर तक कराए जाने के लिए वह अपना पुरजोर प्रयास करेंगे ताकि ललितपुर, अशोकनगर, टीकमगढ़, छतरपुर जिले वासियों को इस ट्रेन के माध्यम से लाभ मिल सकेगा और सभी क्षेत्रवासी संसद के आभारी रहेंगे।

## कोतवाली पुलिस ने किया 3 वारंटियों को गिरफ्तार



**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण जनपद में वाँछित /वारण्टी अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के अभियान मे थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा 3 वारण्टी अभियुक्तगण केहर साहू पुत्र चतरे उर्फ चतरा साहू निवासी ग्राम भरतपुरा थाना कोतवाली, गजराम सिंह पुत्र रामप्रसाद, रामबाबू पुत्र रामप्रसाद उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ग्राम मैलार थाना कोतवाली ललितपुर सम्बन्धित केस नं0 1359/04 धारा494/352/504 भादवि को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया ।

## बाइक ने मारी जोरदार टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

निकटवर्ती ग्राम रजवारा निवासी रवि रैकवार पुत्र राजकुमार उर्फ भज्जू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई संजय उर्फ संजू पुत्र राजकुमार अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.एच. 1156 जिसे रोहित चला रहा था और उसका भाई पीछे बैठा हुआ था।

उसके भाई व रोहित 10 जून की रात करीब साढ़े नौ बजे मसौरा से वापस रजवारा आ रहे थे। बताया कि हाई-वे गोविन्द सागर बांध के पास पेट्रोल पम्प के पास सामने से आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.डी. 2346 जो कि गलत तरफ से आ रही थी ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक के पीछे बैठा उसका भाई संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उसके भाई को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर संजय को झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सड़क किनारे खड़े स्कूटी सवारों को कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

देवगढ़ रोड जुगपुरा निवासी बृजेन्द्र यादव पुत्र पप्पू यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते माह जून की 10 तारीख को अपराह्न करीब 3 बजे वह रौशनी पत्नी लक्ष्मन के साथ अपनी स्कूटी के जरिए राजघाट से ललितपुर की ओर आ रहा था। वह जैसे ही ग्राम गनगौरा नहर माइनर क पास पहुंचे तो रौशनी की पहचान की मोहल्ला नेहरू नगर निवासी कु.आशा पुत्री वीरसिंह जो ललितपुर आने के लिए टैक्सी का इंतजार कर रही थी, उसके पास खड़ी होकर बात करने लगी। आरोप है कि इसी दौरान ललितपुर की ओर से तेज गति से भाग रही चार पहिया गाड़ी संख्या एम.पी.15 सी.बी. 9808 के चालक ने उसके साथ खड़ी पत्नी, रौशनी व आशा को जोरदार टक्कर मारते हुये स्कूटी को रौंद दिया। इस घटना में वह स्वयं, रौशनी गंभीर रूप से घायल हो गये और तीनों जमीन पर गिर पड़े। राहगीरों ने डायल 112 के जरिए पुलिस को सूचना दी और 108 डायल कर एम्ब्युलेंस को बुलाया। एम्ब्युलेंस के जरिए घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उपचार के दौरान घायलों को झांसी रेफर कर दिया गया। एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### ट्रेन में चढ़ते समय मंगलसूत्र व लॉकेट चोरी

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला रावतयाना निवासी दुर्गा पत्नी अरविन्द कुमार ने जीआरपी पुलिस को अवगत कराया कि बीती 18 जुलाई को वह ट्रेन संख्या 19314 इन्दौर पटना एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-5 में उसकी पत्नी बक्सर से ललितपुर के लिए सफर कर रही थी। अपराह्न करीब 1.41 बजे उसकी पत्नी का ट्रेन में चढ़ते समय किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोने की चैन व सोने का लोकेट चोरी कर लिया। घटना की सूचना उसके द्वारा रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 पर दी गयी। ललितपुर जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शिक्षकों व कर्मचारियों ने नवीन महाविद्यालय के लिए विदा किया

## स्थानांतरण होने पर प्राध्यापक डा. कुमार को दी विदाई




**ललितपुर**। नेहरू महाविद्यालय में विगत 3 वर्षों से असि.प्रो.राजनीति विज्ञान के पद पर कार्यरत डा.मनोज कुमार का स्थानान्तरण विशेष सचिव उ.प्र. शासन लखनऊ द्वारा कुंवर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया होने के फलस्वरूप प्रबंधक प्रदीप चौबे के निर्देश पर प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री द्वारा नवीन महाविद्यालय के लिए कार्यमुक्त किए जाने पर आयोजित विदाई समारोह डा.मनोज कुमार को शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई देकर नवीन महाविद्यालय के लिए विदा किया गया। प्राचार्य ने कहा कि डा. मनोज कुमार ने विगत तीन वर्ष में महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं के मध्य स्नेहपूर्वक अपना श्रेष्ठतम स्थान बनाया था। डा.मनोज कुमार अपनी विनम्रता, व्यवहारिकता तथा कर्तव्यनिष्ठा के कारण जनपद ललितपुर में लोकप्रिय हो गये थे। कहा कि डा.मनोज कुमार में निर्भीकता, साहस तथा सरल व्यक्तित्व के गुण विद्यमान है। वह अपने भावी जीवन में उन्नति के शिखरों पर अग्रसर हों। उपाध्यक्ष विलास पटैरिया ने कहा कि डा.मनोज कुमार ने प्रबंध समिति के निर्देशों का सदा सम्मान किया तथा प्रबंध समिति द्वारा दिया गया प्रत्येक कार्य उन्होंने अच्छे ढंग से सम्पादित किया। विदाई समारोह में डा.मनोज कुमार ने कहा कि मुझे 3 वर्ष में नेहरू महाविद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, वरिष्ठ सदस्यों, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री सहित सभी प्राध्यापकों, कार्यालय कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों तथा जनपद वासियों ने जो अपना आत्मीय स्नेह प्रदान किया उसे हम जीवन में कभी भुला नहीं सकते हैं। इस दौरान विलास पटैरिया, प्रो.आशा साहू, हिमांशधर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डा. सुधाकर उपाध्याय, डा.सूबेदार यादव, डा.सुभाष जैन, डा.दीपक पाठक, डा.रामकुमार रिछारिया, डा.ओ.पी.चौधरी, डा.जितेन्द्र राजपूत, डा.अनूप दीक्षित, डा.विनोद कुमार, डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा, डा.अरिमर्दन सिंह, डा.अवनीश त्रिपाठी, डा.जगत कौशिक, डा.शैलेन्द्र सिंह चैहान, डा.जगवीर सिंह, डा.विनीत अग्निहोत्री, डा.रोहित वर्मा, मनीष वर्मा, डा.पराग अग्रवाल, संदीप श्रीवास्तव, डा.अमित सोनी, धीरेन्द्र तिवारी, डा.संतोष सिंह, इं.विपिन शुक्ला, डा.सुनील शुक्ला, डा.प्रीति सिरौठिया, डा.वर्षा साहू, डा.रेनू चंदेल, डा.रजनी उपाध्याय, डा.रिचाराज सक्सेना, कविता पैजवार, डा.अभिलाषा साहू, सुश्री श्वेता आनन्द, अतुल मिश्रा, अशेष नारायण द्विवेदी, डा.सत्य देव, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, हरीप्रसाद, धुरव किलेदार, राजीव गोस्वामी, दीपक रावत, जयंत चैबे, गजेन्द्र सिंह, संजय शर्मा, रमेश पाल, सुरेश पाल, हरदयाल, रामसेवक, राकेश कुमार, मिलन सेन, कमलेश कुमार, पुष्पेन्द्र तिवारी, हरि नारायण पाल, लक्ष्मीनारायण सोनी, कामता शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन डा.दीपक पाठक ने व आभार डा.सुधाकर उपाध्याय ने जताया।

### आईटीआई में प्रवेश की सूची जारी

**ललितपुर**। आईटीआई ललितपुर, महरौनी, तालबेहट एवं पाली में सत्र अगस्त-2025 के प्रवेश हेतु द्वितीय चयन सूची एवं प्रथम चरण के प्रवेशित अभ्यर्थियों की उच्चीकृत (अपग्रेड सूची) राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा जारी कर दी गई है। द्वितीय सूची के चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश की अंतिम तिथि 24 जुलाई 2025 तक (अवकाश सहित) निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थी व्यवसाय एवं संस्थान का आवंटन पत्र विभागीय बेवसाइट से डाउनलोड कर संस्थान में समस्त मूल प्रमाणपत्रों, प्रमाणित छायाप्रतियों, चिकित्सा प्रमाण पत्र, प्रथम टीसी, 04 पासपोर्ट साइज फोटो, अपने भरे हुए आवेदनपत्र की छायाप्रति, आवंटन/बुलावापत्र एवं प्रशिक्षण शुल्क/कासनमनी सहित निर्धारित तिथि 24 जुलाई 2025 तक संबंधित चयनित संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते है। उक्त तिथि के बाद प्रवेश देना सम्भव नहीं होगा।

### आम नागरिक परेशान

## स्मार्ट मीटरों का विरोध, कई गुना बढ़कर आ रहा है बिजली का बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में स्मार्ट मीटर के विरोध में स्थानीय संगठनों ने प्रदर्शन किया है। बुंदेलखण्ड विकास सेना ने कम्पनी बाग में बैठक की। संगठन प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने स्मार्ट मीटर की तेज रीडिंग पर चिंता जताई। स्मार्ट मीटर लगाने वाली जीनस कंपनी पहले से ही गोवा में ब्लैकलिस्टेड है। कंपनी ने ललितपुर में आवासीय और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया है। टीटू कपूर के अनुसार, ये मीटर मानकों के विपरीत हैं। मीटर की तेज रीडिंग से उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। प्रगतिशील किसान जन मोर्चा ने भी विरोध दर्ज कराया है। मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष ऊदल सिंह पटेल के नेतृत्व में लोगों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्राम मसौरा खुर्द के निवासियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर से बिजली बिल कई गुना बढ़ गया है। शहर हो या गांव जहां भी स्मार्ट मीटर लगे हैं वहां के उपभोक्ताओं को काफी समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। शासन की मनसा उपभोक्ताओं को विद्युत की समस्याओं से निजात दिलाना है जबकि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को परेशानी में डाल रहा है सरकार को इस पर ध्यान देना नितांत आवश्यक जिससे आम उपभोक्ता विद्युत का सही उपयोग कर विद्युत बल समय से जमा करा सके

### शिवलिंग की पिंडी को क्षतिग्रस्त करने वाले को दबोचा

कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला सुरई घाट कालोनी अन्तर्गत शराब के नशे में गाली गलौज व मारपीट कर अवैध रूपयों की मांग करते हुए, पास में स्थित शिवलिंग की पिण्डी को क्षतिग्रस्त करने के प्रकरण में सुरई घाट कालोनी निवासी अंशुल बाल्मीकी पुत्र दर्शन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## नवनिर्मित झरर घाट थाना तालबेहट का बालिका ने किया उद्घाटन

**ललितपुर**। झांसी ललितपुर सीमा झरर घाट पुलिस चौकी के निर्माण से जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था में मजबूती एवं त्वरित पुलिस सहायता हो सकेगी सुनिश्चित। मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत श्रद्धा जैन को पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा नवनिर्मित चौकी का बनाया गया 01 दिन का चौकी इंचार्ज पुलिस अधीक्षक, मो मुश्ताक द्वारा थाना तालबेहट क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित झरर घाट चौकी का पूर्ण विधि-विधान पूर्वक, मिशन शक्ति फेज-



5 अभियान के तहत बालिका से फीता कटवाकर उद्घाटन किया गया । इस नई पुलिस चौकी की स्थापना से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था में मजबूती एवं हाइवे पर सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित हो सकेगी । चौकी के निर्माण से क्षेत्र में घटित होने वाले अपराध में कमी आयेगी तथा अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगा। उन्होंने पुलिस विभाग के इस प्रयास की सराहना की और जनता से सहयोग की अपील की इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, आमजन उपस्थित रहे।

## जब्त कच्ची व अंग्रेजी शराब कराई गई नष्ट

**ललितपुर**। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे लखनऊ के आदेश पर चलाये जा रहे माल निस्तारण अभियान के तहत डीआईजी रेलवे लखनऊ परिक्षेत्र प्रयागराज, एसपी रेलवे झांसी के आदेश पर सीओ रेलवे झांसी के निकट पर्यवेक्षण में न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) के निर्देश पर गठित कमेटी के सदस्य जिला अभियोजन अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी की मौजूदगी में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी ललितपुर ने मालखाने में लम्बित कुल



41 अभियोगों से सम्बन्धित कच्ची व अंग्रेजी शराब को नष्ट कराया गया। इस दौरान नष्ट करायी गयी शराब की मात्रा 174 लीटर अवैध कच्ची शराब, 11 बोतल व 11 क्वाटर अंग्रेजी शराब और पांच क्वाटर देशी शराब के जो कि बरामद किये गये थे को नष्ट कराया गया। इस दौरान माल निस्तारण कमेटी में जिला अभियोजन अधिकारी शिववचन राम, जिला आबकारी अधिकारी अन्विता तिवारी, प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी नवीन कुमार व हेड मोहर्रिर थाना जीआरपी हे.का. श्याम बाबू आदि शामिल रहे।

### बारिश पूर्व गड्ढों की मरम्मत की तरफ ध्यान न देने से बनी स्थिति

# विभिन्न वार्डों के गड्ढों में पानी भराने से तालाबनुमा नजर आ रही सड़कें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर के 15 में से शायद ही कोई ऐसा वार्ड बचा हो जहां के बाशिंदे बदहाल सड़कों की वजह से परेशान न हों। नगर के अधिकांश आंतरिक मार्गों की हालत बद से बदतर हो जाने के बावजूद नगर पालिका ने बारिश पूर्व उनकी मरम्मत की जेहमत नहीं उठाई। ऐसे में बारिश का पानी इन गड्ढों में भराने से ये गड्ढे तालाबनुमा नजर आने लगे हैं। शहर की अधिकांश सीसी और डामरीकृत सड़कों के ऐसे ही हाल हैं। सड़कों के गड्ढों में भरा पानी के चलते पैदल राहगीर सहित दोपहिया वाहन चालक जैसे-तैसे अपने आपको बचते-बचाते निकलते देखे जा रहे हैं। स्थानीय फलौदी कॉलोनी एवं विवेकानंद स्कूल पहुंच मार्ग के गड्ढे तो इतने अधिक बड़े हैं कि पैदल राहगीर के निकलते समय अगर कोई कार या अन्य बड़ा वाहन निकल जाए तो राहगीर के कपड़े गंदे और मटमैल पानी से सन जाया करते हैं।

#### कान्वेंट स्कूल के सामने भी यही स्थिति

स्थानीय राजेश्वर कान्वेंट स्कूल के सामने की डामरीकृत सड़क हुए अनेकों गड्ढे भी रहवासियों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। इसी सड़क पर आगे जाकर पुराने बस स्टैंड के यहां के गड्ढों से भी आम नागरिक एवं वाहन चालक परेशान हैं। इन गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी हुई है।

#### घुमावदार सड़क पर हुए गड्ढों से परेशानी

किला क्षेत्र में इतवारिया गेट के ढलान पर हो रहे गड्ढों के कारण भी बाईक चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ढलान और घुमाव वाली सड़क पर गड्ढे होने से वाहन चालक खासकर बाईक सवार संतुलन खो बैठते हैं और असंतुलित होकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। इसी तरह की स्थिति राजेश्वर कान्वेंट स्कूल के थोड़ा आगे चर्च के ठीक सामने वाली सड़क पर भी बनी हुई है।

#### आधा मुख्य मार्ग ठीक तो आधा बदहाल

करीब डेढ़ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री अधोसरंचना विकास के तहत मेन मार्केट की मुख्य सड़क पर चौड़ीकरण एवं डामरीकरण करवाया गया था। लेकिन यह कार्य महज नाका नंबर-3 से लेकर रानी लक्ष्मी चैराहे तक ही सीमित होकर रह गया। रानी लक्ष्मी चौराहे से किला क्षेत्र के दोनों तरफ की सड़कों (सब्जी बाजार एवं पारायण चौक) को बगैर डामरीकरण के ही छोड़ दिया गया था क्योंकि इनका निर्माण प्रस्ताव में शामिल ही नहीं था। ऐसे में वर्तमान हालात यह है कि आधे राजगढ़ की मेन मार्केट की आधी सड़क तो चकपक नजर आती है लेकिन आधे मार्केट की सड़क दर्जनों गड्ढों से पटी हुई है।

# जन स्वास्थ्य रक्षक संगठन ने मंत्री टेटवाल को सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** शक्तिपीठ भैंसवा माता परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश जन स्वास्थ्य रक्षक संगठन, इकाई सारंगपुर द्वारा राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में जन स्वास्थ्य रक्षकों ने वर्षों से लंबित मांगों को लेकर अपनी बात रखी।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शिक्षा कर्मी एवं पंचायत कर्मियों की तरह जन स्वास्थ्य रक्षक योजना भी शासन द्वारा शुरू की गई थी, किंतु शिक्षा एवं पंचायत कर्मियों को उनके मूल विभाग में समायोजित कर दिया गया है, जबकि जन स्वास्थ्य रक्षकों को आज तक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सम्मिलित नहीं किया गया है। संगठन ने मांग की कि जन स्वास्थ्य रक्षकों को आरोग्य केंद्रों में स्वास्थ्य मित्र के रूप में नियुक्त किया जाए, ताकि वे अपनी प्रशिक्षणानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें। संगठन का कहना है कि कोरोना महामारी के दौरान जन स्वास्थ्य रक्षकों ने बिना पारिश्रमिक के स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर उल्लेखनीय कार्य किया है, और अब उन्हें भी सम्मानपूर्वक रोजगार दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख प्रतिनिधि नारायण सिंह नागर (ब्लॉक अध्यक्ष), बालू सिंह वर्मा, नंदलाल नागर, महेंद्र सिंह राजपूत, गोपाल प्रसाद नागर, विष्णु प्रसाद मालवीय, लाल सिंह मालवीय, ओम प्रकाश शर्मा, दिनेश कुमार राठौर, मनीष शर्मा सहित कई जन स्वास्थ्य रक्षक उपस्थित रहे।

## जल यंत्रालय में रिपेयरिंग करते समय बम की तरह फूटा ट्रांसफार्मर तीन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल, भोपाल रेफर किया

**खिलचीपुर।** खिलचीपुर के पंडाजी के बाग के पास स्थित जल यंत्रालय में शुक्रवार को दोपहर बाद जल यंत्रालय में स्थित ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर रही एमएससी की टीम के तीन कर्मचारी ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग के समय अचानक ट्रांसफार्मर के ब्लास्ट होने से आग लग गई। आग की लपटे इतनी तेज थी कि तीन कर्मचारी जितेंद्र पटेल उम्र 37 वर्ष, नरेंद्र पटेल उम्र 40 वर्ष, संजय गुप्ता उम्र 39 वर्ष, बुरी तरह आग से झुलस गए, जिन्हें प्रारंभिक उपचार के लिए खिलचीपुर अस्पताल भर्ती किया गया। खिलचीपुर अस्पताल से डॉक्टर ने सीरियस हालात बात कर भोपाल रेफर किया गया।

### मुकेश नामदेव और अलका चौधरी बनी उपाध्यक्ष

# नागरिक बैंक के चुनाव संपन्न आनंद त्रिपाठी पुनः बने अध्यक्ष



**राजगढ़।** नागरिक सहकारी बैंक राजगढ़ के संचालक मंडल के चुनाव शनिवार दोपहर तय निवार्चन प्रक्रिया के तहत निर्विरोध रूप से संपन्न हुए। सहकारी बैंक के निवार्चन अधिकारी बीएल यादव की उपस्थिति में बैंक के वर्तमान अध्यक्ष आनंद त्रिपाठी को निर्विरोध रूप से पुनः अध्यक्ष चुन लिया गया वहीं मुकेश यादव एवं अलका चौधरी उपाध्यक्ष बनाए गए हैं।

निवार्चन अधिकारी ने संचालक मंडल पदाधिकारियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के प्रतिनिधि रामबाबू गुप्ता एवं जिला प्रतिनिधि राजेश शर्मा ने संचालक मंडल में शामिल हुए राकेश पाण्डे, महेश वर्मा, उत्तम शर्मा, ओमकार बख्स, सूरज वर्मा, रमेश मालवीय, अरुण सेठानी के नामों की घोषणा की। बैंक महाप्रबंधक बृजेश व्यास, मेनेजर राशिद खान ने सभी नवनियुक्त संचालक मंडल के पदाधिकारियों को हार-माला पहनाकर स्वागत, अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं दीं।

## नगर में बढ़ रही लगातार चोरी की घटनाएं, लोगों में भय का माहौल



**माचलपुर।** नगर में चोरियां रुकने का नाम नहीं ले रही है। अभी पांच दिन पहले दोपहर को तीन सवा तीन बजे बजरंग रोड स्थित किराना व्यवसाई दिनेश माधावत दो मिनट के लिए दुकान से क्या हटे की इतने में चोर ने उनकी दराज में से करीब बीस हजार चुरा लिए। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी जिसकी सहायता से पुलिस चोरों की तलाश में लगी है। दूसरी चोरी नगर के होटल व्यवसाई मुकेश केवट की दुकान से हुई जिसमे चोर ने नमकीन लेने के बहाने गल्ला पेटी से रुपए निकाल लिए चोरी की घटना छोटी थी तो व्यवसाई ने शिकायत दर्ज नहीं करवाई,तीसरी चोरी नगर के अग्रवाल मोहल्ला स्थित मेडतवाल समाज लक्ष्मीकांत मंदिर से 16,17 जुलाई कि रात्री में हुई जिसमे भगवान विष्णु और लक्ष्मी की मूर्ति के दो जोड़ी चांदी के पायल कीमत करीब 20 हजार की चोरी हुई। जिसका शिकायती आवेदन मंदिर पुजारी राजेश बैरागी और मेडतवाल समाज अध्यक्ष अनिल मोदी ने दिया है। इस तरह से नगर में लगातार चोरी की घटनाएं होने से नगर वासियों में भय का माहौल है।

### बीईओ व स्कूल संचालक रहे मौजूद

# छात्र परिषद का अलंकरण समारोह संपन्न




**जीरापुर।** निजी स्कूल में छात्र परिषद का अलंकरण समारोह का आयोजन विकासखंड शिक्षाधिकारी रामबाबू पाटीदार एवं सुरेश दांगीकी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय छात्र परिषद के विभिन्न पदों पर बच्चों का साक्षात्कार के आधार पर मनोनयन किया गया। इसके अंतर्गत हेड बॉय कन्हैयालाल दांगी, हेड गर्ल श्रद्धा बरेठा, डिप्टी हेड बॉय हरिओम दांगी, डिप्टी हेड गर्ल शुभी जैन, खेल कप्तान ज्ञानेंद्र मारू, खेल सहकप्तान माही जायसवाल, अनुशासन सचिव खुशबू जैन व अंजलि दांगी, सांस्कृतिक सचिव नूपुर गुप्ता व मानवी गुप्ता को मनोनीत किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सभी बच्चों को चार अलग-अलग दलों में विभाजित किया जाता है, जिसके अनुसार सभी विद्यार्थियों के बीच विद्यालय में वर्षभर विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न होती हैं। इन दलों के कप्तान व सहकप्तान का भी मनोनयन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संचालक द्वारा की गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय परिवार सदैव प्रयत्न करता है कि विद्यालय के सभी विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ चहुँमुखी विकास करें। कार्यक्रम संचालन शिक्षिका बरखा गुप्ता रूपाली धाकरे ने किया। शैक्षणिक समन्वयक भानु कुमार जैन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षक रूपेश ग्वाल व सन्नी मौर्य ने प्रशिक्षण दिया। स्वस्थ्य जीवन जीने के गुर बताए।

# एक पेड़ मां के नामः प्रभारी मंत्री कश्यप व मंत्री टेटवाल ने बालिका छात्रावास में किया पौधरोपण

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम को सार्थक रूप देने के उद्देश्य से शुक्रवार को बालिका छात्रावास सारंगपुर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं राजगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप तथा राज्य मंत्री गौतम टेटवाल के गरिमामय सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री कश्यप द्वारा नारियल के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उन्होंने छात्रावास की छात्राओं से आत्मीय संवाद कर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए इसके महत्व को सरल शब्दों में समझाया। कार्यक्रम में प्रशासनिक व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी गरिमामय उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा,एसडीएम रोहित बम्होरे,एसडीओपी अरविंद सिंह तहसीलदार आकाश शर्मा, नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे,बीओ सुरेश वीरमाल, प्राचार्य दिनेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विधायक ने किया डिजिटल स्वामी विवेकानंद लाइब्रेरी का शुभारंभ व निरीक्षण

# हमारे आत्मबल से ही नशे से मुक्ति मिल सकती है : विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नगर में शनिवार को सुबह 11 बजे नेशनल हाईवे के सर्विस मार्ग पर पूर्व पार्षद रवि चौहान द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ व निरीक्षण विधायक मोहन शर्मा ने किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा चलाया जा रहा है नशा मुक्ति जन जागृति अभियान को को आगे बढ़ते हुए कहा कि नशे से मुक्ति प्रशासन नहीं दिला सकता बल्कि नशे से मुक्ति हमारे स्वयं के आत्म बल से मिल सकती है हम सबको यह प्रयास करना चाहिए कि सर्वप्रथम हम और हमारा परिवार उसके बाद समाज एवं हमारे मिलने जुलने वाले लोग किस प्रकार नशे की बुरी आदत से दूर रहे वह प्रयास हमें निरंतर करते रहना चाहिए कार्यक्रम को थाना प्रभारी संगीता शर्मा ने संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें नशा माता-पिता की सेवा का समाज की सेवा का गौ सेवा का करना चाहिए और उसे नशे से दूर रहना चाहिए जो हमारे परिवार को नष्ट करता है कार्यक्रम का संचालन रविंद्र चौहान ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश मंडलोई, मनोहर मंडलोई, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि तारु राजपूत, ब्रजकिशोर मीणा, मोती सिंह बिलहरी, डॉ नवीन अग्रवाल, माधव सिंह चौहान, महेश भावसार, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, प्रतिनिधि दिलीप बना, लखन चौहान, मोहन वर्मा, राजकुमार चौकसे, राकेश चौहान, मंडल महामंत्री रामेश्वर नायक, लखन राजपूत, गुड्डू जाटव, भूपेंद्र सिंह भदोरिया, ओम शर्मा, बलराम सिंह, राजपूत , रामेश्वर नगीना, आत्माराम पटेल, भगवान सिंह चंद्रवंशी, भगवान सिंह पटेल, रघुवीर सिंह राणावत आदि उपस्थित थे।

### संस्कार एकेडमी के बच्चों ने खूब उठाया बारिश का लुत्फ

# प्री प्राइमरी बच्चों के लिए रेनी-डे आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर

नगर के प्रतिष्ठित आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी में प्री-प्राइमरी वर्ग के नन्हे-मुन्ने छात्रों के लिए शनिवार 19 जुलाई को रेनी डे (वर्षा दिवस) कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंग-बिरंगे रेनकोट, छतरियों और वर्षा से जुड़े आकर्षक परिधान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, रमा ए के शर्मा, डॉक्टर विकास शर्मा प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद एवं कवंलप्रीत की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत रंगीन सजावट और वर्षा ऋतु से संबंधित गतिविधियों के साथ हुई । कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने वर्षा से संबंधित गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया और कविता पाठ व पानी में कागज की नाव तैराने जैसी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को वर्षा ऋतु के महत्व को रोचक कहानियों और खेलों के माध्यम से सरल भाषा में समझाया। प्री प्राइमरी आधार ब्लॉक की एच ओ डी रियांशी गोयल ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और ऋतुओं की जानकारी को रोचक तरीके से प्रस्तुत करना है। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण ग्रामीण परिवेश रहा जिसमें बच्चों एवं शिक्षकों ने ठेले पर मक्का के गरम-गरम भुट्टे व पॉपकॉर्न का आनंद लिया और अंत में बच्चों को टॉफी भी वितरित की गई। इस आयोजन को सफल बनाने में प्री प्राइमरी ब्लॉक की शिक्षिका प्रियंका सक्सेना, सपना चौहान, अनुभा श्रीवास्तव, प्रियंका उपाध्याय, ऋचा श्रीवास्तव, प्रियंका पटेल रीना वर्मा, शिवांशी गुप्ता आदि का योगदान रहा।

## मंडी में चोरी करते पकड़ा गया युवकः शटर उठाकर घुसा

### चाकू दिखाकर डराया, 50 कट्टी गेहूं ले जाने की कोशिश

**विदिशा।** कृषि मंडी क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक युवक को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। आरोपी दुकान का शटर उठाकर अंदर घुसा था और करीब 50 कट्टी गेहूं चुराने की कोशिश कर रहा था। घरवालों ने उसे देख लिया और मौके पर ही पकड़ लिया। परिजनों के अनुसार युवक के पास चाकू भी था वह डराने की कोशिश कर रहा था कि नहीं छोड़ा तो हमला कर देगा। उसके पास एक बिना नंबर की हीरो होंडा बाइक भी मिली। युवक ने कहा कि चोरी वह नहीं कोई और कर रहा था और वह तो उसे पकड़ने आया था। हालांकि किसी ने उसकी बात नहीं मानी और उसे पुलिस को सौंप दिया गया। पूछताछ में उसने खुद को करैयाखेड़ा रोड निवासी बताया। दुकानदारों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी पास की दुकान से ऑयल की दो बड़ी कैन चोरी हुई थीं, जिसकी शिकायत दर्ज कराई गई थी। अभी तक चोर नहीं पकड़ा गया।

### पुलिस और अहिंसा टीम के संयुक्त प्रयासों से नजर आ रहा बदलाव

# पहल : गांव की चौपाल से उठा परिवर्तन का स्वर, नशा मुक्त गांव का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




पुलिस प्रशासन एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की पीस वॉलेंटियर रामदिली भिलाला ने अपने गांव जूनापानी को नशा मुक्त गांव बनाने की पहल की है। रामदिली ने नशे को केवल सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि न्याय, समानता और सामाजिक समरसता के मार्ग में बाधा मानते हुए युवाओं और किशोरों को साथ लेकर अभियान की शुरुआत की।

इसके तहत ग्रामीण युवाओं एवं किशोरों किशोरों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए गए, जहां बच्चों और युवाओं ने खुलकर गांव में बढ़ते नशे के प्रभाव पर चर्चा की। संवादों में सामने आया कि तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, शराब और गांजे का सेवन लगभग सभी किशोर करने लगे हैं जिससे उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य खतरे में है। रामदिली ने इस समस्या के समाधान हेतु अपने युवा मंच के सहयोग एवं पुलिस की सहभागिता से कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें स्थानीय स्कूलों के शिक्षक, छात्र, अभिभावक, समुदाय के सदस्य और युवा शामिल हुए। कार्यशाला में किशोरियों ने बताया कि गांव में खुलेआम नशे का सेवन हो रहा है, जिससे महिलाएं और बच्चे असुरक्षित महसूस करते हैं।

#### बच्चे भी खाने लगे हैं गुटखा, पाऊच

युवाओं ने यह भी साझा किया कि कई छोटी उम्र के बच्चे भी नशे के आदी हो रहे हैं, जिसे रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर असिस्टेंट सब-इन्सपेक्टर सुनीता भावर ने कहा कि यदि किसी को नशे के लिए उकसाया जा रहा हो, या कोई व्यक्ति गांव का माहौल खराब कर रहा हो, तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और गरिमा बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर है। कार्यशाला में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम, स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।